FOne_19 April. (JAL).qxd 18-Apr-21 11:26 PM Page 1

उत्तर भारत का सम्पूर्ण अखबार
पढ़ कर देखें
अजीत समाचार
अधिक जानकारी तथा समाचार पत्र बुक करवाने के लिए सम्पर्क करें :-
एजैंसी मैनेजर
अजीत समाचार भवन, नेहरू गार्डन रोड, जालन्धर।
फोन : 0181-5086376, 5086379, 5088112
फैक्स : 0181-5086376, 5063104

अजीत समाचार

AJIT SAMACHAR जालन्धर, सोमवार, 19 अप्रैल, 2021, 7 बैसाख, विक्रमी सम्वत् 2078, मूल्य : ₹ 3.00

जालन्धर, चंडीगढ़ और बठिंडा से प्रकाशित

अजीत समाचार
में ईयर पैनल
कम खर्च में अधिक प्रचार
बुकिंग के लिए सम्पर्क करें :-
विज्ञापन मैनेजर
अजीत समाचार भवन, नेहरू गार्डन रोड, जालन्धर।
फोन : 0181-2242049, 5086387 फैक्स : 5008882
ईमेल : news@ajitpublications.com

Regd.No. PB/JL-137/2021-23 | वर्ष : 26, अंक : 107 | www.ajitsamachar.com | youtube.com/ajitsamacharhindi | facebook.com/ajitsamacharhindi | samachar@ajitjalandhar.com | फोन : 0181-2455961-62-63, 5032400 फैक्स : 2230455, 5011025

कोरोना और भयावह

गाजियाबाद के एक अस्पताल में कोरोना संक्रमित अपने मरीज़ के पास विलाप करते हुए परिजन।

* 2.61 लाख नए मामले * एक दिन में सर्वाधिक 1501 मरीज़ों की मौत

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (भाषा) : भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 2,61,500 नए मामले सामने आने के साथ कोविड-19 के कुल मामले बढ़कर 1,47,88,109 पर पहुंच गए। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के जारी आंकड़ों के मुताबिक उपचाराधीन मामले 18 लाख के पार पहुंच गए हैं। मंत्रालय आंकड़ों के मुताबिक 1,501 और संक्रमितों की मौत होने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,77,150 पर पहुंच गई। संक्रमण के मामलों में लगातार 39वें दिन वृद्धि हुई है। देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 18,01,316 हो गई है जो संक्रमण के कुल मामलों का 12.18 प्रतिशत है जबकि संक्रमित लोगों के स्वस्थ होने की दर गिरकर 86.62 प्रतिशत रह गई है। आंकड़ों के मुताबिक इस बीमारी से स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 1,28,09,643 हो गई है और मृत्यु दर गिरकर 1.20 प्रतिशत हो गई है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् के मुताबिक, 17 अप्रैल तक 26,65,38,416 नमूनों की जांच की जा चुकी है। जिन 1,501 संक्रमितों की मौत हुई उनमें सबसे अधिक 419 महाराष्ट्र से हैं।

12 करोड़ से अधिक का हुआ टीकाकरण : देश में कोरोना टीका लगवाने वालों की संख्या 12

▶ (शेष पृष्ठ 2 पर)

केन्द्र ने उद्योगों को ऑक्सीजन आपूर्ति पर लगाया प्रतिबंध

भूपेन्द्र हुड्डा, अर्जुन रामपाल व नील नितिन मुकेश संक्रमित



नई दिल्ली : हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा व उनकी पत्नी आशा हुड्डा, अभिनेता अर्जुन रामपाल और नील नितिन मुकेश कोविड-19 से पीड़ित पाए गए हैं और घर पर पृथक-वास में हैं।

▶ (शेष पृष्ठ 2 पर)

ऑक्सीजन की कमी से 12 की मौत

शहडोल (मप्र.) : मध्य प्रदेश के शहडोल में मैडीकल कॉलेज में पिछले 24 घंटों में 12 कोरोना संक्रमितों की मौत ऑक्सीजन की कमी से हुई है।

▶ (शेष पृष्ठ 2 पर)

जेईई मेन्स प्रवेश परीक्षा स्थगित

नई दिल्ली : केन्द्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने आज बताया कि 27 से 30 अप्रैल के बीच होने वाली इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन्स को कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनज़र स्थगित कर दिया गया है। निशंक ने ट्वीट किया, 'कोविड-19 संबंधी मौजूदा हालात के

▶ (शेष पृष्ठ 2 पर)

घरेलू विमान यात्रा की तारीख बदलने में छूट

नई दिल्ली : कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के कारण

बड़ी संख्या में लोग यात्रा करने से डर रहे या चाहकर भी यात्रा नहीं कर पा रहे हैं। इसे देखते हुए कई विमान सेवा

▶ (शेष पृष्ठ 2 पर)

पंजाब में रिकार्ड 4957 नए मामले, 68 की मौत

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (ब्यूरो चीफ) : पंजाब में आज भी कोरोना के रिकार्ड 4957 नये केस मिले, जबकि 68 मौतों की रिपोर्ट है। अमृतसर में सबसे अधिक 11 मौतें होने की रिपोर्ट है, जबकि गुरदासपुर में 9, पटियाला में 7, रोपड़ 6, लुधियाना व एस.ए.एस. नगर में 5-5 मौतों की रिपोर्ट है, जबकि तरनतारन, कपूरथला व फाज़िल्का से 3-3,

एस.ए.एस. नगर, अमृतसर, लुधियाना, जालन्धर, पटियाला में केसों में वृद्धि

▶ (शेष पृष्ठ 2 पर)

लुधियाना : अर्बन एस्टेट फेस-1 व फेस-2 में लाकडाऊन लागू

लुधियाना, 18 अप्रैल (**भूपिंद्र बैंस**) : ज़िला मैजिस्ट्रेट-कम-डिप्टी कमिश्नर लुधियाना वरिन्दर कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय अर्बन एस्टेट दुगरी के फेस-1 व फेस-2 में बड़ी संख्या में कोविड-19 पॉजिटिव मरीज़ होने कारण इस क्षेत्र को कंटेनमैंट ज़ोन घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह दोनों क्षेत्र आज 18 अप्रैल 2021 (रविवार) रात 9 बजे से अगले आदेशों तक 100 फीसदी (लाकडाऊन) सील कर दिए जाएंगे। जानकारी के अनुसार यदि किसी क्षेत्र में 15 मरीज़ पॉजिटिव पाए जाते हैं तो उस क्षेत्र को कंटेनमैंट ज़ोन घोषित कर

70 पॉजिटिव केस पाए जाने पर लिया फैसला

▶ (शेष पृष्ठ 2 पर)

अमृतसर में नौजवान की बेरहमी से हत्या

कत्थूनंगल/जेठूवाल, 18 अप्रैल (**दलविन्द्र सिंह रंधावा/मित्रपाल सिंह रंधावा**) : स्थानीय कस्बे के निकटवर्ती गांव रुपोवाली खुर्द के युवक निर्मल सिंह पुत्र गुरमीत सिंह हाल वासी अड्डा कत्थूनंगल का गत रात बेरहमी के साथ कत्ल कर देने का दुखदाई समाचार प्राप्त हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक निर्मल सिंह आयु करीब 34 वर्ष जोकि अमृतसर में लोहारका रोड पर स्थित फर्नीचर के शो रूम पर काम करता था वहां अपना काम समाप्त करके करीब रात 9 बजे

निर्मल सिंह का फाइल चित्र

▶ (शेष पृष्ठ 2 पर)

पैसों को लेकर मामूली तकरार, नौजवान का कत्ल

समाना, 18 अप्रैल (साहिब सिंह) : थाना सदर समाना के गांव मरोड़ी में पैसों की मामूली तकरारबाज़ी कारण एक नौजवान का कत्ल कर दिया गया है। पुलिस ने उसके गांव के रहने वाले ही नौजवान के विरुद्ध मुकद्दमा दर्ज करके कथित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उप-कप्तान समाना जसवंत सिंह मांगट और थाना सदर के प्रमुख सब-इंस्पैक्टर अकुंरदीप सिंह ने बताया कि शीशा सिंह पुत्र नत्था सिंह वासी मरोड़ी द्वारा दर्ज करवाए बयान के अनुसार उसके दो लड़के व एक लड़की है। बड़ा

काला सिंह का फाइल चित्र

▶ (शेष पृष्ठ 2 पर)

पॉज़िटिव रिपोर्ट का पता चलते ही युवक की मौत

पत्थलगांव, 18 अप्रैल (वार्ता): छत्तीसगढ़ के जशपुर ज़िले के तपकरा कस्बे में आज सुबह कोरोना टैस्ट करवाने आए एक युवक को जैसे ही पता चला कि उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव है। वह अस्पताल में ही बेहोश होकर गिर पड़ा। उसे ऑक्सीजन के सहारे

▶ (शेष पृष्ठ 2 पर)

पाकिस्तान में एक और हिन्दू व्यापारी की हत्या

अमृतसर, 18 अप्रैल (सुरिन्द्र कोछड़) : पाकिस्तान के राज्य सिंध में कम संख्या हिन्दू भाईचारे के अगवा, लूटपाट और कत्ल की घटनाओं में बड़ी वृद्धि देखने को मिल रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले सिर्फ दो महीनों से पाकिस्तान में 6 हिन्दू व्यापारियों सहित एक नौजवान हिन्दू पत्रकार को कथित तौर पर अज्ञात हथियारबंद व्यक्तियों द्वारा कत्ल किया जा चुका है। ताज़ा मामला राज्य सिंध के ज़िला शिकारपुर में सामने आया

दुकान के अंदर मारी गोलियां

▶ (शेष पृष्ठ 2 पर)

अमरीका : बार में गोलीबारी, 3 लोगों की मौत

केनोशा (अमरीका), 18 अप्रैल (एपी) : अमरीका के विस्कॉन्सिन प्रांत में केनोशा काउंटी के एक बार में हुई गोलीबारी में 3 लोग मारे गए, जबकि 2 अन्य घायल हो गए। काउंटी के सार्जेंट डेविड राइट ने बताया कि यह घटना सोमर्स गांव के एक बार में रविवार तड़के हुई। उन्होंने बताया कि यह एक लक्षित हमला था और संदिग्ध हमलावर को अब तक पकड़ा नहीं जा सका है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

लाहौर में हालात बेकाबू, 5 अधिकारी बनाए बंधक

लाहौर में इस्लामिक संगठन के कार्यकर्ता पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए।

अमृतसर, 18 अप्रैल (**सुरिन्द्र कोछड़**) : पाकिस्तान में पाबंदीशुदा कट्टरपंथी संगठन तहरीक-ए-लैबबैक पाकिस्तान (टी.एल.पी.) और सुरक्षा बलों में आज भी झड़पें जारी रहीं। इन झड़पों में पुलिस के कम से कम तीन लोग मारे गए और

लैबबैक कार्यकर्ताओं ने पुलिस स्टेशन पर किया हमला

▶ (शेष पृष्ठ 2 पर)

कोरोना के कारण राहुल ने बंगाल में सभी रैलियां रद्द कीं

नई दिल्ली/कोलकाता, 18 अप्रैल (**एजैंसी/रणजीत सिंह लुधियानवी**) : कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने देश में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनज़र पश्चिम बंगाल में होने वाली अपनी सभी चुनावी

▶ (शेष पृष्ठ 2 पर)

पंजाब में अच्छी गुणवत्ता वाले बारदाना का प्रबंध किए जाने को मंजूरी

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (अ.स.) : वर्ष 2021-22 के रबी के चल रहे मंडीकरण सीजन दौरान गेहूं की निर्विघ्न खरीद को यकीनी बनाने के लिए पंजाब सरकार ने आढ़तियों द्वारा मुहैया करवाए गए अच्छे हालत वाले इस्तेमाल किए हुए बारदाने में गेहूं की भराई करने की मंजूरी दे दी है। पंजाब की किसी भी मंडी में बारदाने की कमी न होने को यकीनी बनाने के लिए यह कदम

कैप्टन ने गेहूं की खरीद का लिया जायज़ा

▶ (शेष पृष्ठ 2 पर)

इस्तीफा देने के लिए 2 मई तक दीदी के पैर ठीक हो जाएंगे

पूर्वास्थली (बंगाल), 18 अप्रैल (एजैंसी) : केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जोर देकर कहा कि पश्चिम बंगाल में पांच चरणों में जिन 180 सीटों पर मतदान हुआ है उनमें से 122 से अधिक सीटें भाजपा जीतेगी। उन्होंने दीदी पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि उम्मीद करता हूं कि 2 मई के पहले दीदी के पैर की चोट ठीक हो जाएगी, ऐसा इसलिए कि जब वह

शाह ने रैली में ममता पर साधा निशाना

▶ (शेष पृष्ठ 2 पर)

रत्नागिरी की रसायन कम्पनी में आग लगने से 3 की मौत

मुंबई, 18 अप्रैल (भाषा): महाराष्ट्र के रत्नागिरि ज़िले में रविवार सुबह एक रसायन कंपनी में आग लगने से 3 व्यक्तियों की मौत हो गई और 8 अन्य घायल हो गए। रत्नागिरि पुलिस नियंत्रण कक्ष के एक अधिकारी ने बताया यह घटना सुबह करीब 9.30 बजे खेड़ तालुका में लोते एमआईडीसी (महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम) क्षेत्र स्थित इकाई में हुई। उन्होंने कहा कि

▶ (शेष पृष्ठ 2 पर)